दिन—गुरूवार

दिनांक— 06 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।

अवधि — 15 मिनट

---

01. विधानसभा में भाकपा माले के सदस्यों ने रसोईया और सफाई कर्मी का मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हस्तक्षेप से मामला हुआ शांत।

02. राज्य सरकार ने कहा — धान खरीद में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

03. सरकारी नौकरियों में शत—प्रतिशत डोमिसाईल नीति लागू करने को लेकर राजद और भाजपा के बीच आरोप—प्रत्यारोप हुआ तेज।

04. और, युवाओं को सेना के प्रति आकर्षित करने के लिए मोतिहारी के गांधी मैदान में कल से दो दिवसीय शौर्य वेदनम उत्सव की हो रही है शुरूआत।

---

विधानसभा में आज भाकपा माले विधायकों ने रसोईया और सफाई कर्मी का मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधायक नारेबाजी करते हुए सदन के बीचो—बीच आ गए। ये सभी रसोईया और सफाई कर्मी का मानदेय अठारह हजार रूपये करने की मांग कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के बार—बार आग्रह के बावजूद विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यदि कोई समस्या है तो लिखकर दीजिए, उस पर विचार किया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे विधायक अपनी—अपनी सीट पर बैठ गए।

इधर, आज प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक अमरेंद्र सिंह ने धान खरीद के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि किसानों की जगह बिचौलियों के माध्यम से धान खरीद का लक्ष्य दिखाया गया है। भाजपा विधायक तारकिशोर प्रसाद ने भी कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में भी धान की खरीद नहीं हुयी है। इस पर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि इस बार लक्ष्य का सत्तासी प्रतिशत धान खरीदा गया। उन्होंने कहा कि कहीं गड़बड़ी हुई है तो मामले की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

———बाइट————

एक प्रश्न के उत्तर में राजस्व और भूमि सुधार विभाग के मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि हल्का कर्मचारियों को उनके कार्यालय में रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारियों को भी अभियान चलाने का निर्देश दिया जाएगा।

---बाइट---

उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्ष द्वारा बजट की पूरी राशि खर्च नहीं होने के आरोपों को खारिज किया है। आज विधानसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में बजट की चौरासी प्रतिशत राशि खर्च की जा चुकी है।

---बाइट---

श्री चौधरी ने कहा कि सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप अबतक नौ लाख पचास हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है।

---बाइट---

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में किसानों की चिंता के साथ-साथ उद्योग पर भी समान रूप से ध्यान दिया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि बजट में बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, दो हजार पच्चीस लाने का प्रस्ताव है।

---बाइट---

---

सरकारी नौकरियों में शत-प्रतिशत डोमिसाइल नीति लागू करने को लेकर राजद और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है।राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो सरकारी नौकरियों में शत-प्रतिशत डोमिसाईल की नीति लागू की जायेगी।

---बाइट--

---

इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आरोप लगाया कि राजद समेत पूरा विपक्ष मुद्दाविहीन हो गया है। उन्होंने कहा कि राजद को पहले अपने संगठन में डोमिसाइल की नीति लागू करनी चाहिए। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में डॉ. जायसवाल ने कहा कि पहले विपक्ष रोजगार की बात करता था। आज यह मुद्दा भी उनके पास नहीं बचा।

———बाइट———

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर की जा रही आपत्तिजनक टिप्पणियों की आलोचना की।

———————————————————————

मोतिहारी के गांधी मैदान में कल से शौर्य वेदनम उत्सव की शुरूआत हो रही है। दो दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में थल सेना, जल सेना और वायु सेना के अत्याधुनिक हथियार और उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। साथ ही लोगों को सैन्य गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत ने कहा कि शौर्य वेदनम उत्सव का उद्देश्य युवाओं को सेना के प्रति आकर्षित करना है।

———बाइट———

मेजर जनरल विकास भारद्वाज ने बताया कि किसी भी सीमावर्ती जिले में सेना पहली बार इस तरह का आयोजन कर रही है।

———बाइट———

———————————————————————

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आज सुपौल के वीरपुर में विद्या भारती विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री भागवत ने कहा कि छात्रों को अपने कर्तव्य निर्वहन में लोक कल्याण की भावना को प्रमुखता देनी चाहिए।

———बाइट———

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आठ और नौ मार्च को राज्य के

उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

–––बाइट–––

———————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता राम सुंदर दास को आज उनकी चौदहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पटना के कंकड़बाग स्थित पार्क में आयोजित समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सी.पी. ठाकुर और रामकृपाल यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

———————————————————

जमुई नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन तस्करों को दो सौ लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————

खगड़िया जिले के अलौली प्रखंड अंतर्गत मेघौना पंचायत के रोजगार सेवक राजाराम साहू पर प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में रिश्वत लेने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी है।

———————————————————

जहानाबाद जिले के मोहलिया गांव के पास दो ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक उपचालक की मौत हो गयी, जबकि दोनों ट्रक के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————

पटना के मालसलामी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक होटल व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विधानसभा में भाकपा माले के सदस्यों ने रसोईया और सफाई कर्मी का मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हस्तक्षेप से मामला हुआ शांत।

02. राज्य सरकार ने कहा – धान खरीद में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

03. सरकारी नौकरियों में शत–प्रतिशत डोमिसाईल नीति लागू करने को लेकर राजद और भाजपा के बीच आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज।

04. और, युवाओं को सेना के प्रति आकर्षित करने के लिए मोतिहारी के गांधी मैदान में कल से दो दिवसीय शौर्य वेदनम उत्सव की हो रही है शुरूआत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।